हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय
न्यू सेन्ट्रल होप टाउन, बायॉखाला, शीशमबाडा देहरादून,
पिन– 248011 उत्तराखण्ड, भारत
वेवसाईट:www.hnbumu.ac.in

# नीट यू0जी0, 2024 उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग के तृतीय चरण हेतु महत्वपूर्ण निर्देश एवं नियम व शर्तें

## 1. तृतीय चरण की काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता

नीट यू0जी0 2024 उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग की तृतीय चरण काउन्सिलिंग में निम्न अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैः–

1. प्रथम चरण/द्वितीय चरण में पंजीकृत ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे प्रथम एवं द्वितीय चरण की काउन्सिलिंग में कोई भी सीट आवंटित नही हुयी हो।
2. ऐसे पंजीकृत अभ्यर्थी जिन्होने बोर्ड द्वारा प्रथम चरण/द्वितीय चरण में आवंटित सीट पर निर्धारित समयान्तर्गत प्रवेश ले लिया हो और तृतीय चरण में सीट अपग्रेडेशन हेतु प्रतिभाग कराना चाहते हो।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने बोर्ड द्वारा प्रथम चरण/द्वितीय चरण में आवंटित सीट पर निर्धारित समयान्तर्गत प्रवेश न लिया हो और तृतीय चरण में सीट आवंटन हेतु प्रतिभाग करना चाहते हो, उन्हे धरोहर राशि पुनः जमा करनी होगी।
4. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने प्रथम/द्वितीय चरण काउन्सिलिंग में पंजीकरण न कराया हो और तृतीय चरण में सीट आवंटन हेतु प्रतिभाग करना चाहते हों।

**विशेष**– यदि प्रथम/द्वितीय चरण में पंजीकृत हुये अभ्यर्थी तृतीय चरण काउन्सिलिंग की प्रक्रिया में अब सम्मिलित होने के इच्छुक न हों अथवा अपनी पूर्व प्रवेशित सीट से सन्तुष्ट हों तो उन्हे यह सलाह दी जाती है कि वे तृतीय चरण की काउन्सिलिंग हेतु पुनः पंजीकरण/Choice Filling न करें, जिससे इस सीट को किसी अन्य अर्ह इच्छुक अभ्यर्थी को मेरिट के क्रम में नियमानुसार आवंटित किया जा सके।

## 2. तृतीय चरण में प्रतिभाग करने हेतु निम्न छात्र अर्ह नही होगेः–

जिन अभ्यर्थियों द्वारा एम0सी0सी0 भारत सरकार द्वारा आयोजित तृतीय चरण तक की काउंसिलिंग के माध्यम से आवंटित सीट पर निर्धारित समयान्तर्गत प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर अपना प्रवेश सुरक्षित करा लिया गया है।

## 3. आवेदन प्रक्रिया (केवल ऑन–लाईन आधार पर)

1. तृतीय चरण की काउन्सिलिंग प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु पंजीकरण धनराशि एवं धरोहर धनराशि **केवल आन–लाईन प्रणाली** (Credit/Debit Card/Net banking) के माध्यम से ही जमा की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व के काउन्सिलिंग चरणो मे पंजीकरण करवाया जा चुका है भी तृतीय काउन्सिलिंग चरण में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह है।
2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम/द्वितीय चरण काउन्सिलिंग में पंजीकरण शुल्क तथा धरोहर राशि दोनो जमा की गई है, यदि वो तृतीय चरण काउन्सिलिंग में प्रतिभाग कराना चाहते हैं तो उन्हे विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.hnbumu.ac.in पर जाकर पंजीकृत आई–डी के माध्यम से आन–लाईन आवेदन कर नवीन च्वाईस फिलिंग करनी अनिवार्य होगी, ऐसे अभ्यर्थियों को दोबारा पंजीकरण शुल्क तथा धरोहर राशि जमा नही करनी होगी।
3. जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम/द्वितीय चरण काउन्सिलिंग में धरोहर राशि जमा की गई हो तथा वे यदि पूर्व में चयनित किये गये कोटे (स्टेट कोटा/ऑल इण्डिया–मैनेजमैन्ट कोटा) के विकल्प में परिवर्तन करते हुये तृतीय चरण काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करना चाहते हो, तो इस हेतु उन्हे विश्वविद्यालय की

